तत्काल
अत्यावश्यक

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : jdmpsamb@gmail.com Tel: 0755-4270561

क्रमांक/बी–5/2/अनुज्ञा–मॉडयूल/2014–15/916 भोपाल दिनांक 28 अगस्त 2015

प्रति,

संयुक्त संचालक/उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर/रीवा (म0प्र0)

विषयः–प्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों में ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल को कियान्वित किये जाने संबंधी।

संदर्भः–कार्यालयीन पत्र कमांक/बी–5/2/अनुज्ञा–मॉड्यूल/2014–15/293–294 दिनांक 08 जुलाई 2015 एवं दिनांक 22 जुलाई 2015 को सम्पन्न संयुक्त संचालक/उप संचालक, आंचलिक कार्यालयों की मासिक समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक महोदय के निर्देश एवं पत्र कमांक 305–306 दिनांक 05 अगस्त 2015।

–0–

उल्लेखित विषय में दिनांक 20 अगस्त 2015 को मण्डी बोर्ड मुख्यालय भोपाल में सम्पन्न संयुक्त संचालक/उप संचालक, आंचलिक कार्यालयों की मासिक समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक महोदय के द्वारा यह निर्देश दिये गये थे कि मण्डी के अनुज्ञप्तीधारी व्यापारियों (जो कि लगभग 32,500 हैं) की सम्पूर्ण जानकारी एवं आंचलिक कार्यालयों से मण्डी समितियों को इश्यू अनुज्ञा बुकों की प्रविष्टि की सम्पूर्ण जानकारी दिनांक 31 जुलाई 2015 तक एवं दिनांक 01 अप्रेल 2015 से जारी किये गये अनुज्ञा पत्रों की सम्पूर्ण जानकारी दिनांक 15 अगस्त 2015 तक ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल में अनिवार्य रुप से दर्ज करा दी जाये।

विषय संदर्भ की समीक्षा में यह पाया गया कि दिनांक 28 अगस्त 2015 को दोपहर 01.00 बजे तक ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल में प्रदेश की मण्डी समितियों के द्वारा कुल 1,17,235 अनुज्ञा पत्रों की प्रविष्टि का एवं 24,029 अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों की जानकारी की प्रविष्टि का कार्य पूर्ण किया गया है। उपरोक्त स्थिति से स्पष्ट है कि बारम्बार निर्देश दिये जाने के बावजूद आपके द्वारा मण्डी बोर्ड मुख्यालय के निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। अतः अंतिम रुप से निर्देशित किया जाता है कि एक सप्ताह की समय सीमा में यह कार्य पूर्ण कराकर अपना प्रतिवेदन अनिवार्य रुप से उपलब्ध करायें अन्यथा वस्तुस्थिति से प्रबंध संचालक महोदय को अवगत कराया जावेगा।

(ए0पी0एस0सोलंकी)
अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / बी–5 / 2 / अनुज्ञा–मॉडयूल / 2014–15 / 917 भोपाल दिनांक 28 अगस्त 2015

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(02) श्री ए0एन0सिद्धीकी, तकनीकी निदेशक भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(03) उप संचालक (नियमन), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(04) सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति .... जिला .... (म0प्र0) :– विषय संदर्भ में दिये गये निर्देशों का पालन अनिवार्य रुप से सुनिश्चित करें।

अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल